an>

Title: Need to increase the honorarium of Anganwadi workers.

श्री श्यामा चरण गुप्त (इलाहाबाद) : माननीय अध्यक्ष जी, भारत सरकार के अधीनस्थ वर्कर्स आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों से केन्द्र एवं राज्य के कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों का निष्पादन कराया जाता है, किंतु वेतन के नाम पर मात्र 3000/- और 3200/- रुपये और सहायिकाओं को मात्र 1500/- रुपये मानदेय दिया जाता है जिससे परिवार का भरण पोषण करना कठिन ही नहीं दुर्लभ भी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्तियां लगातार नियमितिकरण एवं मानदेय में बढ़ोत्तरी के लिए संघÂ◌ारत हैं लेकिन केन्द्र और प्रांत सरकार इनकी समस्याओं की तरफ आंख मूंदे हुए है। आप अपने स्तर से इनकी समस्याओं का निस्तारण कराना सुनिश्चित करे और उन्हें नियमित कराने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और श्री ओम बिरला को श्री श्यामा चरण गुप्त द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

माननीय अध्यक्ष : श्री जैदेव गल्ला - उपस्थित नहीं।